संख्या-145/2021/ई-1927290/71-3099/99/2020-03

प्रेषक,

कुलदीप कुमार रस्तोगी,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनॉक 20 दिसम्बर 2021

विषयः- वित्तीय वर्ष 2021-22 में केन्द्र सहायतित योजना "इस्टैबलिशमेंट ऑफ न्यू मेडिकल कॉलेजेज अटैच्ड विद एक्जिस्टिंग डिस्ट्रिक्ट/रेफरल हास्पिटल" (फेज-2) के अन्तर्गत मेडिकल कालेज, सिद्धार्थनगर के निर्माण कार्य हेतु राज्यांश की धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, सिद्धार्थनगर के पत्र संख्या-मे0का0सि0/सिद्धार्थनगर/2021/3118-21, दिनांक 02.11.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- अवगत कराना है कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्धार्थनगर के निर्माण कार्य हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू0 226.0442 करोड़+जी0एस0टी0 (नियमानुसार देय) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। तदोपरान्त विद्युत संयोजन हेतु रू0 12404697.00 को सम्मिलित करते हुए मेडिकल कालेज, सिद्धार्थनगर की वर्तमान लागत 227.2846 करोड़+जी0एस0टी0 (नियमानुसार देय) के सापेक्ष विभिन्न शासनादेशों द्वारा कुल रू0 177.2304697 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है, जिनका विवरण निम्नवत् है-

क्र0सं0	शासनादेश संख्या व दिनॉक	धनराशि (रू0 करोड़ में)
1	संख्या-41/2018/904/71-3-2018-एन0एम0-03/2018, दिनॉक 14-11-2018	50.00 (केन्द्रांश)
2	संख्या-81/2019/1096/71-3-2019-एन0एम0-03/2018, दिनॉक 14-11-2019	14.14 (केन्द्रांश)
3	संख्या-14/2020/71/71-3-2020-एन0एम0-03/2018, दिनॉक 04-03-2020	15.00 (राज्यांश)
4	संख्या-50/2020/377/71-3-2020-एन0एम0-03/2018, दिनॉक 15-09-2020	20.00 (राज्यांश)
5	संख्या-88/2020/1438/71-3-2020-एन0एम0-03/2018, दिनॉक 30.12.2020	20.00 (केन्द्रांश)
6	संख्या-26/2021/324/71-3-2021-एन0एम0-03/2018, दिनॉक 23.02.2021	50.00 (केन्द्रांश)
7	संख्या-97/2021/ई-1755091/71-3-2021-एन0एम0-03/2018, दिनांक 12.08.2021	06.85 (केन्द्रांश)
8	संख्या-140/2021/ई-1833745/71-3-2021-, दिनांक 24.11.2021	1,24,04,697.00 (विद्युत संयोजन)
	योग	177.2304697

3- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्धार्थनगर के निर्माण कार्य हेतु वर्तमान लागत रू0 227.2846 करोड़+जी0एस0टी0 (नियमानुसार देय) के सापेक्ष **रू0 20.00 करोड़ (रू0 बीस करोड़ मात्र)** की धनराशि राज्यांश के रूप में निम्न शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

1. स्वीकृत धनराशि को पी0एल0ए0 /बैंक खाते/डाकघर में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार करते हुए व्यय नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र तथा भौतिक प्रगति का विवरण समयान्तर्गत शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।
2. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 22-03-2021 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
3. निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्थाओं केा दो-दो माह की आवश्यकतानुसार धनराशि निर्गत की जाए। विभागाध्यक्ष/कार्यालयध्यक्ष में तैनात वित्त नियंत्रक का यह उत्तरदायित्व होगा कि धनराशि का कोषागार से आहरण दो-दो माह की आवश्यकता के अनुसार ही किया जाए। कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व में दी गयी धनराशि के 80 प्रतिशत का उपयोग करने के उपरांत अगले दो माह के लिए पुनः आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित करके दी जाए।
4. योजना हेतु भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
5. शासनादेश संख्या-41/2018/904/71-3-2018-एन0एम0-03/2018, दिनांक 14-11-2018 में उल्लिखित अन्य शर्ते यथावत् लागू रहेंगी।

4- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-03-चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-01-केन्द्र प्रायोजित योजनाएं-0105-मेडिकल कालेज, सिद्धार्थनगर (के060/रा040-के0+रा0)-24-वृहद निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-2827/दस-2021-22, दिनॉक 20 दिसम्बर, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
संयुक्त सचिव।

संख्या/दिनांक, उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्धार्थनगर।
6. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, गोमती नगर, लखनऊ।
7. नियोजन-अनुभाग-4
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।